दिन– बुधवार                                                                 दिनांक– 03 / 04 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।                                                  अवधि– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल जमुई से बिहार में लोकसभा चुनाव प्रचार अभियान की शुरूआत करेंगे। श्री मोदी सात अप्रैल को नवादा में भी चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे।

02. लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए नामांकन की प्रक्रिया जारी। कटिहार संसदीय क्षेत्र से महागठबंधन के प्रत्याशी तारिक अनवर आज दाखिल करेंगे नामांकन।

03. केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री आर. के सिंह ने गर्मियों में बिजली की मांग पूरी करने के लिए शून्य कटौती सुनिश्चित करने पर बल दिया।

04. और, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने कक्षा नौवीं–दसवीं और ग्यारहवीं–बारहवीं के शिक्षकों के लिए सक्षमता परीक्षा का परिणाम घोषित किया।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल जमुई से बिहार में चुनाव प्रचार अभियान की शुरूआत करेंगे। लोकसभा चुनाव की तिथि घोषित होने के बाद प्रधानमंत्री का यह पहला बिहार दौरा होगा। जमुई से एनडीए के घटक दल लोजपा, रामविलास के उम्मीदवार अरूण भारती चुनावी मैदान में हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी प्रधानमंत्री श्री मोदी के साथ आम सभा को संबोधित करेंगे। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने बताया है कि चुनाव प्रचार के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार रोड–शो के साथ–साथ कई जगह रैलियों को भी संबोधित करेंगे। इधर, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नवादा में भी चुनावी सभा का कार्यक्रम तय हो गया है। श्री मोदी सात अप्रैल को नवादा में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। नवादा से एनडीए प्रत्याशी विवेक ठाकुर ने यह जानकारी दी है।

———————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्य के भाजपा कार्यकर्ताओं से लोगों को जंगलराज और नीतीश राज का फर्क बताने की अपील की है। लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से बिहार में पार्टी कार्यकर्ताओं से बातचीत के दौरान श्री मोदी ने कहा कि विशेषकर नये वोटर जिनका उस समय जन्म नहीं हुआ होगा, उन्हें बतायें कि जंगल राज में क्या–क्या होता

था और किस तरह महिलाएं घर से बाहर नहीं निकलती थी। इस दौरान कार्यकर्ताओं को सभी सीटों पर जीत का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि बिहार के लोगों ने भाजपा और एनडीए को मजबूत बनाने का संकल्प ले लिया है। श्री मोदी ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर एनडीए उम्मीदवारों के पक्ष में मजबूती के साथ काम करना होगा।

———बाईट———

श्री मोदी ने इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद भी किया।

———बाईट———

श्री मोदी ने कहा कि देश के लोगों ने इस बार एनडीए चार सौ पार का मन बना लिया है। उन्होंने इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए पार्टी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर काम करने की अपील की।

————————————————————————

लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए राज्य की चार लोकसभा सीटों गया, औरंगाबाद, नवादा और जमुई से अड़तीस उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। नाम वापसी का समय बीत जाने के बाद प्रत्याशियों की अंतिम सूची जारी कर दी गयी है। नवादा को छोड़ शेष सभी सीटों के प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिये गये हैं। नवादा के जिलाधिकारी का तबादला होने से चुनाव चिन्ह आवंटन का कार्य राज्य निर्वाचन कार्यालय को भेजा गया है। कल नाम वापसी के अंतिम दिन किसी भी उम्मीदवार ने अपना नामांकन पत्र वापस नहीं लिया। इधर, गया संसदीय सीट से एक और उम्मीदवार का नामांकन पत्र रद्द कर दिया गया। उनके नामांकन पत्र में त्रुटि पायी गयी थी। चुनाव आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गया संसदीय सीट से चौदह, जमुई से सात, नवादा से आठ और औरंगाबाद से नौ उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इन सीटों पर बहत्तर उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र भरे थे, जिसमें चौंतीस नामांकन पत्र रद्द कर दिये गये। इस चरण के तहत उन्नीस अप्रैल को मतदान होना है।

————————————————————————

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए कटिहार, किशनगंज, पूर्णियां, भागलपुर तथा बांका संसदीय क्षेत्र के लिए नामांकन की प्रक्रिया जारी है। कल नामांकन दाखिल करने का अंतिम दिन है। राज्य मुख्य निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार

दूसरे चरण के लिए अबतक पंद्रह प्रत्याशियों ने नामांकन पर्चा भरा हैं। इनमें कटिहार से एक, किशनगंज और पूर्णिया से दो–दो, भागलपुर से नौ तथा बांका सीट से पांच प्रत्याशियों ने नामांकन पर्चा दाखिल किया है। बांका से पूर्व केन्द्रीय मंत्री जयप्रकाश यादव ने राजद की ओर से और जवाहर झा ने निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर नामांकन दाखिल किया। इधर, कटिहार में आज कांग्रेस के तारिक अनवर नामांकन पर्चा दाखिल करेंगे। वहीं, पूर्णिया सीट पर कांग्रेस के पप्पू यादव कल नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। इन पांच सीटों पर छब्बीस अप्रैल को मतदान होगा।

———————————————————————

निर्वाचन आयोग ने चुनाव में भ्रामक सूचनाओं के प्रसार से निपटने के लिए मिथक और वास्तविकता के नाम से एक प्लेटफार्म की शुरूआत की है। इसे निर्वाचन आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर देखा जा सकता है। एक रिपोर्ट...

—————रिपोर्ट———

———————————————————————

कटिहार के बलरामपुर से माले विधायक महबूब आलम के विरूद्ध सहायक थाना में आदर्श आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज किया गया है। सदर एसडीपीओ ने बताया कि विधायक महबूब आलम के वाहन पर राजनीतिक झंडे के साथ नेम प्लेट भी लगायी गयी थी। इसी को लेकर सदर अंचलाधिकारी के आवेदन पर उनके विरूद्ध मामला दर्ज किया गया है। इधर, जाति सूचक शब्द का प्रयोग करने के मामले में पूर्व विधायक मुन्ना शुक्ला पर एससी–एसटी एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

———————————————————————

मुंगेर जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांतिपूर्ण मतदान कराने को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अपर पुलिस महानिदेशक अमृत राज ने बताया कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में इसके लिए सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। किसी भी प्रकार के विस्फोटक की जानकारी के लिए डी–माइनिंग की टीम को पूरी तरह से अलर्ट मोड में रहने का निर्देश दिया है।

———————————————————————

अररिया में जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–जिला पदाधिकारी इनायत खान ने लोकसभा चुनाव को लेकर चिन्हित सभी पोलिंग पार्टी–सह–ईवीएम–वीवीपैट डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण किया गया।

———————————————————————

कैमूर जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्विप कार्यक्रम के तहत आंगनबाड़ी सेविका सहायिका और जीविका दिदियों के माध्यम से चैनपुर प्रखंड में कैंडल मार्च निकाला गया। मार्च के माध्यम से कर्मियों द्वारा आम मतदाताओं से एक जून को मतदान केंद्रों पर पहुंचकर वोट देने की अपील की गई।

———————————————————————

केन्द्र सरकार गर्मियों में बिजली की मांग पूरी करने के लिए सभी आवश्यक उपाय कर रही है। बिजली तथा नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आर. के सिंह ने इस बारे में कई बैठकें की और गर्मियों में जीरो लोड शेडिंग यानी शून्य कटौती सुनिश्चित करने पर बल दिया। कल नई दिल्ली में एक बैठक में उन्होंने अधिकतम बिजली उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सभी ताप बिजली संयंत्रों की क्षमता स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने ऊर्जा उत्पादन कंपनियों के साथ भी बैठक की। मौसम विभाग ने इस वर्ष गर्मियों में कुछ स्थानों को छोडकर पूरे देश में सामान्य से अधिक तापमान रहने का अनुमान व्यक्त किया है। इस देखते हुए बिजली की मांग भी पहले की अपेक्षा अधिक रहने की संभावना है।

———————————————————————

पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों के तापमान में बढ़ोतरी । हो रही है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार कई जगहों का अधिकतम तापमान चालीस डिग्री के आस–पास पहुंच गया है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान उनतालीस दशमलव तीन डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ वैशाली लगातार तीसरे दिन राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक कमल सिंह गुप्ता ने बताया कि अगले दो दिनों के दौरान राज्य के अधिकतम तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। उसके बाद अगले तीन दिन के दौरान तापामान मे दो से तीन डिग्री सेल्सियस की और वृद्धि हो सकती है।

———————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने नौवीं और दसवीं तथा ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा के शिक्षकों के लिए ली गयी सक्षमता परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। कक्षा नौवीं और दसवीं की सक्षमता परीक्षा का परिणाम अंठानवे प्रतिशत रहा। परीक्षा में बीस हजार तीन सौ चौवन शिक्षक सफल हुए हैं। वहीं, ग्यारहवीं से बारहवीं के शिक्षकों के परीक्षा परिणाम में सफलता का प्रतिशत सत्तानवे दशमलव एक–आठ रहा है। परीक्षा में एक सौ चौवन शिक्षक असफल रहे हैं।

———————————————————————

पटना के नौबतपुर में बालू लदे ट्रैक्टर–ट्रॉलीयों के चालकों से पैसों की वसूली कर रहे एक पुलिसकर्मी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामले का संज्ञान लेते हुए पुलिस संबंधित सिपाही की पहचान कर रही है।

———————————————————————

अरवल जिले में शराब तस्करों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के दौरान करपी थाना के गुलजारबाग से दस लीटर देसी शराब बरामद की गयी। साथ ही चार हजार सात सौ पचास लीटर अर्ध निर्मित शराब को नष्ट कर दिया गया।

———————————————————————

पश्चिम चंपारण जिले के बगहा में पुलिस ने एक मिनी ट्रक से तीन हजार छह सौ लीटर शराब बरामद की है। इसम मामले में चालक और उपचालक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

———————————————————————

कैमूर जिले की मोहनिया थाना पुलिस ने जीटी रोड पर वाहन जांच के दौरान एक कंटेनर से तस्करी के लिए ले जाये जा रहे पच्चीस पशु को जब्त कर लिया है। इ स मामले में चालक सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

———————————————————————

पटना में आयोजित तैंतीसवीं राष्ट्रीय सब जूनियर बालिका कबड्डी चैंपियनशिप के प्री–क्वार्टर मैच में बिहार की टीम तमिलनाडू से एक अंक के अंतर से पराजित हो गयी। इस हार के साथ ही बिहार की टीम खिताबी मुकाबले से बाहर हो गयी।

———————————————————————

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार में बूथ स्तरीय भाजपा कार्यकर्ताओं को दिये जीत के मंत्र। प्रधानमंत्री ने कहा– नए वोटरों को जंगलराज और नीतीश राज का फर्क बतायें।

**दैनिक जागरण** का शीर्षक है– बिहार सहित छह राज्यों में विशेष पर्यवेक्षक की तैनाती। चुनाव में किसी भी तरह की गड़बड़ी रोकने के लिए चुनाव आयोग ने बिहार में तैनात किये विशेष पर्यवेक्षक।

**प्रभात खबर** ने चुनाव आयोग के आदेश से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित करते हुए लिखा है– गृह सचिव के बाद अब दो डीएम और दो एसपी पर हुयी कार्रवाई। भोजपुर–नवादा के डीएम और एसपी को आयोग ने हटाया।

**दैनिक भास्कर** लिखता है– भाजपा सांसद अजय निषाद अब हो गये कांग्रेसी, मुजफ्फरपुर से उम्मीदवारी पक्की।

**दैनिक** आज का शीर्षक है– नियोजित शिक्षकों को कोर्ट से राहत। पटना हाईकोर्ट ने कहा सक्षमता परीक्षा में फेल होने या परीक्षा न देने पर भी बने रहेंगे शिक्षक।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार............

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल जमुई से बिहार में लोकसभा चुनाव प्रचार अभियान की शुरूआत करेंगे। श्री मोदी सात अप्रैल को नवादा में भी चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे।

02. लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए नामांकन की प्रक्रिया जारी। कटिहार संसदीय क्षेत्र से महागठबंधन के प्रत्याशी तारिक अनवर आज दाखिल करेंगे नामांकन।

03. केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री आर. के सिंह ने गर्मियों में बिजली की मांग पूरी करने के लिए शून्य कटौती सुनिश्चित करने पर बल दिया।

04. और, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने कक्षा नौवीं–दसवीं और ग्यारहवीं–बारहवीं के शिक्षकों के लिए सक्षमता परीक्षा का परिणाम घोषित किया।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।